Regarding need to notify Master Plan for Delhi

श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी **(दक्षिण दिल्ली) :** आदरणीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान, दिल्ली में लगभग पिछले 5 सालों से मास्टर प्लान लागू नहीं किया गया है, की तरफ दिलाना चाहता हूं ।

<u>12.13 hrs</u> (Shrimati Sandhya Ray *in the Chair*)

वर्ष 2021 में मास्टर प्लान आना था । आज वर्ष 2025 हो गया है । दिल्ली में लैंड पुलिंग पॉलिसी लागू नहीं हो रही है । दिल्ली में डीडीए पॉलिसी लागू नहीं हो रही है और इसी के कारण दिल्ली में अनप्लान्ड तरीके से विस्तार हो रहा है । दिल्ली में जितनी भी खेती-बाड़ी की जमीन है, आज उस जमीन के ऊपर अनअथोराइज्ड कॉलोनी बसाई जा रही है ।

मैं सरकार से यह आग्रह करना चाहता हूं कि दिल्ली, जो लगातार खेती-बाड़ी की जमीनों पर बिल्डिंग बाय-लॉज का वायलेशन करके, मास्टर प्लान का वायलेशन करके बसाई जा रही है, दिल्ली इस बोझ को सहन नहीं कर सकती । आज दिल्ली के सामने बिजली, पानी और सड़कों का संकट खड़ा हो गया है ।

यदि आज दिल्ली दुनिया की सबसे ज्यादा प्रदूषित राजधानी बन गई है, तो उसका एक ही कारण है कि दिल्ली अनप्लान्ड-वे से बसाई जा रही है । इसलिए आवश्यक है कि जल्दी से जल्दी मास्टर प्लान नोटिफाई किया जाए, जिससे दिल्ली को प्लान्ड-वे में बसाया जा सके और अनअथोराइज्ड कॉलोनीज के लिए बिल्डिंग बाय-लॉज जल्दी बनाए जा सके । मैं आपके माध्यम से सरकार से यह आग्रह करना चाहता हूं । बहुत-बहुत धन्यवाद ।